हिन्दुस्तान

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 354 निवेश परियोजनाएं तैयार

प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज विश्वविद्यालय अगले साल से

■ अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ के निवेश वाले प्रोजेक्ट अब लगने को तैयार हैं। निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालय, अस्पताल, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, मेडिकल कालेज, फार्मेसी कालेज, फार्मा कालेज व शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है और अगले साल तक यह परियोजनाएं लगनी शुरू हो जाएंगी। इनमें अधिकांश ग्रांउड ब्रेकिंग सेरमनी के लिए तैयार हो गई हैं।

इस समय 354 निवेश परियोजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी में शिलान्यास के लिए तैयार हो गई हैं। इनके जरिए 58,706 करोड़ रुपये का निवेश अब जमीन पर आने लगा है। अधिकांश परियोजनाओं में निवेशकों को जमीन मिल गई है और उन्होंने कब्जा लेकर निर्माण काम शुरू कर दिया है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी अगले महीने के अंत में या नवंबर के पहले हफ्ते में होनी है। शिलान्यास होने के बाद अगले साल जनवरी से यह परियोजनाएं वास्तविक रूप से चालू हो जाएंगी। न्यू माया फ्लोर मिल इटावा में पशुचारा प्लांट 165 करोड़ के निवेश से लगा रहा है। प्लांट का निर्माण चल रहा है।

बीबीडी ग्रुप लखनऊ में 75 करोड़ के निवेश से स्कूल बना रहा है। इसका निर्माण कार्य चल रहा है। अन्य शैक्षणिक संस्थाएं फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, बरेली, आजमगढ़ व कुशीनगर में स्कूल बना रही हैं। इन सब पर कुल 15 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। विश्वास विद्यापीठ लखनऊ में 125 करोड़ रुपये से स्कूल बना रहा है।

मैनपुरी, फिरोजबाद में एक-एक व आगरा में तीन स्किल डवलपमेंट सेंटर खुलने हैं। इन सब निवेशकों को जमीन मिल गई है और निर्माण भी पूरा हो गया है अब केवल संबंद्धता की प्रक्रिया चल रही है। इन पांच परियोजनाओं की लागत 12 करोड़ से ज्यादा की है।

75 करोड़ के निवेश से लखनऊ में स्कूल बना रहा बीबीडी ग्रुप

58 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश धरातल पर नजर आ रहा

नई शुरु हो रहीं परियोजनाएं एक नजर में

संस्था कंपनी	जिला	प्रोजेक्ट	निवेश
शारदा समूह	गौतमबुद्धनगर	600 बेड का सुपरस्पेशियिलिटी हेल्थकेयर	500 करोड़
आरएसएस मेडिकल	मथुरा	मल्टी सुपरस्पेशियिलिटी मेडिकल कालेज व अस्पताल	300
शांति फाउंडेशन	महाराजगंज	मेडिकल कालेज	300
वासुदेव स्किल	झांसी	स्किल विश्वविद्यालय	40000
संस्कार फाउडेशन	लखनऊ	मेडिकल कालेज विश्वविद्यालय	200
रहमत उल्ला	झांसी	स्किल विश्वविद्यालय	3000
टाटा टेक्नालॉजी	लखनऊ समेत पूरा प्रदेश	151सरकारी आईटीआई को नई मशीनों व तकनीक से लैस करना	4174